तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री

न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि

# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, रविवार 13 जुलाई 2025

4 हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की सेहत की लगातार करें मॉनिटरिंग : कलेक्टर





## खबर संक्षेप

### दिव्या ने अंतरराष्ट्रीय मंच पर लहराया परचम

**खरसिया।** शंकराचार्य पब्लिक स्कूल खरसिया की कक्षा 6वीं की छात्रा दिव्या जायसवाल ने



अंतर्राष्ट्रीय साइंस प्रतियोगिता में मेरिट होल्डर बनकर जिले और राज्य को गौरवान्वित किया है। देश.विदेश के लाखों प्रतिभागियों में दिव्या ने 60 अंक हासिल कर शानदार प्रदर्शन किया। विद्यालय के प्राचार्य ने इसे दिव्या की मेहनत और विद्यालय की गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का परिणाम बताया। स्कूल ट्रस्टीज व प्रबंधन समिति ने दिव्या की उपलब्धि को संस्थान की बड़ी सफलता बताया और सभी शिक्षकों का आभार जताया।

### सड़क निर्माण की मांग को लेकर भूख हड़ताल जारी



**रायगढ़।** ओबीसी महासभा बिलासपुर संभाग उपाध्यक्ष चैतूराम साहू जो 8 जुलाई से मौन भूख हड़ताल पर बैठे थे। इस हड़ताल की प्रमुख मांग एडू चन्द्रशेखरपुर से छाल जो 6 किमी है पूरी तरह से उखड़ चुका है और रास्ते के नाम पर बड़े-बड़े खड्डे है बरसात में यह मेंढकों का निवास स्थान बनता है और बाकी दिनों यहां धूल की गंगा बहती है। 2012 में इस रोड का डामरीकरण हुआ था जो 2,3 साल में उखड़ गया उसके बाद इस रोड पर मरम्मत का कोई काम नहीं हुआ। जिससे इस रोड की स्थिति इतनी जानलेवा हो गई। इस रोड पर महीने में 30,40 छोटे.मोटे हादसे होते हैं और 8,10 गंभीर हादसे होते है तथा सेकड़ों के संख्या में वाहन रिपेयर करना पड़ता है। इस सामाजिक सरोकार को प्रशासन तक पहुंचाने के लिए ओबीसी महासभा के बैनर तले संभाग उपाध्यक्ष चैतूराम साहू के नेतृत्व में मौन भूख हड़ताल जारी था। जिन्हे गोंडवाना गणतंत्र पार्टी का समर्थन था जिसमें परमेश्वर राठिया, सौकिलाल नेताम, बीडीसी संतराम खुटे, मोशमी शर्मा, हेमू बेहरा, धीरज अग्रवाल, रवि चंद्रा, प्रदीप अग्रवाल इन साथियों का विशेष योगदान रहा। 12 जुलाई को ओबीसी महसभा के जिला प्रवक्ता श्रीमंत राव के कुशल समन्वय से तहसीलदार के लिखित आश्वासन से और चैतराम साहू को फल का जूस पिला कर मौन भूख हड़ताल समाप्त किया गया।

## पारिवारिक विवाद, आपसी रंजिश, शंका, दुश्मनी और नशा बन रहा हत्या का कारण

# इंसानी जान की नहीं कोई कीमत : चार साल में 238 हत्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ जितेन्द्र मेहर

जिले में दिनोंदिन क्राइम का ग्राफ लगातार बढ़ता ही जा रहा है। साढ़े तीन साल में 238 लोगों की हत्या हो चुकी है। हालांकि इनमें से अधिकतर मामलों में पुलिस खुलासा कर चुकी है, लेकिन हत्या की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही है। जितने भी हत्याएं हुई हैं उनमें पारिवारिक विवाद, आपसी रंजिश, शंका, दुश्मनी, मामूली विवाद और नशा को इसका कारण माना जा रहा है।

दरअसल रिश्तों में दरार से अपने ही अपनों के खून के प्यासे बने हुए हैं। बढ़ती वारदातों से जहां पीड़ित परिजन भी हैरत में हैं तो वहीं पुलिस के लिए भी ऐसी वारदातों को रोकना चुनौती बना हुआ है। नशा करने के बाद आपा खोने पर पर भी वारदातें हो रही हैं। 2022 से 2025 जुलाई तक 238 लोगों की हत्या हुई है। जबकि हत्या के प्रयास के भी सैकड़ों मामले दर्ज किए गए हैं। ज्यादातर हत्याओं का कारण पारिवारिक विवाद, आपसी रंजिश, शंका, दुश्मनी और नशा ही बना है। पहले जहां लोग मारपीट होने पर भी कुछ पल में शांत हो जाते थे, लेकिन वर्तमान परिस्थित में मामूली कहासुनी में भी एक दूसरे की जान लेने पर पीछे नहीं हटते। पराए तो पराए अपनों पर भी लोग प्राणघातक हमला कर उनकी जान ले रहे हैं। जिससे रायगढ़ कत्लेआम होता जा रहा है।

हरिभूमि एक्सक्लूसिव




### चार साल के हत्या के आंकड़े

| साल | - | हत्या |
|---|---|---|
| 2022 | - | 75 |
| 2023 | - | 63 |
| 2024 | - | 60 |
| 2025 | - | 40 |

### 6 माह में 40 की हत्या से सहमा जिला

हत्या की वारदातों को लेकर यह साल जिलेवासियों के लिए अच्छा नहीं रहा है। साल के 6 माह जनवरी से जून तक की बात करें तो जिले में 40 लोगों की हत्या हो चुकी है। जबकि साल पूरा होने में अभी और 6 माह बाकी हैं। एकाएक हत्या के मामले सामने आने से जिले में दहशत का आलम है। लोग मरने के डर से किसी से मामूली बहस करने से भी बच रहे हैं कि क्या पता कब उनकी जान पर बन आए।

### ग्रामीण क्षेत्रों में जागरुकता की कमी

दशकों से साल-दर-साल ग्रामीण क्षेत्रों में हत्या की वारदातें लगातार बढ़ती ही जा रही है। मामूली बात प लोग धारदार हथियार, लाठी-डंडा से अपनों की जान ले ले रहे हैं। यह सिलसिला अब भी निरंतर जारी है। जबकि शहरी थाना क्षेत्रों में हत्या जैसी वारदातें कभी-कभार ही देखने को मिलती है। क्योंकि यहां के लोग जागरुक हैं और इस गंभीर अपराध को अंजाम देने से डरते हैं। ऐसी स्थिति में ग्रामीण क्षेत्रों की पुलिस को लगातार कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को जागरुक करने की आवश्यकता है। जब उनके दिमाग में बातें समझ आने लगेंगी तो इन आंकड़ों में कमी देखी जा सकती है।

### एक्सपर्ट व्यू

इस संबंध में शहर प्रतिष्ठित मनोचिकित्सक डॉ. राजेश अगल्ले ने कहा कि किसी का मर्डर करता है तो उसके पीछे कुछ न कुछ कारण होता है। यह कारण पर्सनली दुश्मनी भी हो सकती है या सामने वाले की प्रताड़ना। इसके अलावा हत्या की सबसे बड़ी वजह नशा भी है। नशा करने के बाद लोग जल्दी आवेश में आ जाते हैं। जिससे वो अपनों या दूसरों के लिए आत्मघाती हो जाते हैं। इसके अलावा जो आदतन अपराधी होते हैं उनके लिए हत्या करना पेशा है। उन्हें किसी चीज का डर नहीं रहता है। ऐसी वारदातों को रोकने के लिए लोगों को जागरूक करना जरूरी है, ताकि हत्या के बढ़ते आंकड़ों को रोका जा सके।

केस 1

### पत्नी से छेड़खानी करने पर अधेड़ की कर दी हत्या

मार्च माह में चक्रधर नगर थाना क्षेत्र के भैंसाकोठा गली में एक अज्ञात व्यक्ति की लाश मिली थी। शव की पहचान साधराम निराले (42), निवासी गोपालपुर के रूप में की। पोस्टमार्टम रिपोर्ट ने मामले को हत्या की दिशा में मोड़ दिया। पुलिस टीम ने जब इलाके के सीसीटीवी फुटेज खंगालने शुरू किए, तो एक संदिग्ध युवक मृतक को मारता हुआ दिखा। संदिग्ध की पहचान अंकित अग्रवाल निवासी सरला विला के रूप में हुई। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर पूछताछ की तो उसने बताया कि 13 मार्च को वह अपनी पत्नी के साथ स्कूटी से सामान लेने निकला था। तभी साधराम (मृतक) ने उसकी पत्नी से छेड़छाड़ की थी। जिसके रंजिश में साधराम का पीछा किया और उसे भैंसाकोठा गली में रोककर बेरहमी से लात-घूंसे बरसा कर उसकी हत्या कर दी।

केस 2

### उधार नहीं दिया तो नौकर ने मालिक की ले ली जान

लैलूंगा थाना क्षेत्र अंतर्गत राम सुखेन शर्मा 70 पिछले कई वर्षों से मोहनपुर में अकेले रहकर दुकान संचालित करता था। अप्रैल माह में उसकी संदिग्ध परिस्थित में लाश मिली। मृतक के छोटे भाई ने थाना लैलूंगा में मर्ग की सूचना देते हुए मृत्यु पर संदेह जताया। पुलिस को मृतक के शरीर, गाल, कंधे और गर्दन में चोट के स्पष्ट निशान मिले। जिससे हत्या की आशंका और प्रबल हुई। पुलिस ने मृतक के नौकर संतुराम यादव की अनुपस्थिति पर संदेह जताते हुए उसकी तत्काल तलाश शुरू की। हिरासत में लेकर कड़ी पूछताछ करने पर संतुराम ने बताया कि 13 अप्रैल को वह 800 रुपए उधार मांगकर गया था और पुनः लौटकर फिर पैसे मांगने लगा। पैसा न मिलने पर रंजिशवश रात के समय मृतक के घर में घुसकर बांस के डंडे और हाथ-मुक्के से मारकर उसकी हत्या कर दी और घर में रखे करीब 40000 रुपए लूट लिए।

केस 3

### आपसी विवाद में युवती और उसकी मां को मार डाला

15 अप्रैल को पुसौर के संवरा पारा में भरत घोबा के निर्माणाधीन मकान के मलबे में पड़ोस की महिला उर्मिला संवरा (50) व उसकी बेटी पूर्णिमा संवरा (24) की लाश मिली थी। घटना की सूचना पर पुलिस महानिरीक्षक बिलासपुर रेंज डॉ संजीव शुक्ला भी घटनास्थल पहुंचे और पूरे मामले की गंभीरता से जांच के निर्देश दिए। संदेह की कड़ी मृतिका के घर के पास किराना दुकान चलाने वाले शुभम सेठ (20) तक पहुंची। पूछताछ में शुभम ने बताया कि कुछ दिनों से उसका पूर्णिमा के साथ आपसी विवाद चल रहा था जिससे शुभम ने उसकी हत्या की योजना बनाई। 14 अप्रैल की रात वह लकड़ी के खुरे के साथ घर से निकला और छत के रास्ते पूर्णिमा के घर में घुसा। इसके बाद सो रही पूर्णिमा पर ताबड़तोड़ वार कर दिया। इस दौरान जब उसकी मां उर्मिला नींद से जगी तो उस पर भी लकड़ी का खुरा और क्रिकेट के बैट से हमला कर दोनों की हत्या कर दी।

केस 4

### फसल को नुकसान पहुंचाने के विवाद में हत्या

लैलूंगा थाना क्षेत्र के ग्राम बरखोरिया करमानाचा बाघडीपा निवासी विजय माझी (36) ने 11 मई की शाम गांव के बाहर 60 वर्षीय सहदेव मांझी की लोहे के सब्बल से हत्या कर दी। सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और मृतक के बेटे के बयान के आधार पर आरोपी विजय माझी के खिलाफ अपराध दर्ज करते हुए उसे हिरासत में लिया गया। पूछताछ में विजय ने अपना अपराध स्वीकारते हुए बताया कि उसके बाड़ी में लगे तरबूजों को नुकसान पहुंचाने के विवाद पर उसने लोहे के सब्बल से सहदेव पर हमला किया, जिससे उसकी मौत हो गई। हालांकि घटना के बाद पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर रिमांड पर भेज दिया था।

केस 5

### पत्नी की दी थी सुपारी, बच्चों को भी मारा

22 मई को छाल थाना क्षेत्र के ग्राम कीदा में सुकांति साहू (35) उसका बेटा युगल (15) व बेटी प्राची (12) की सड़ी-गली लाश मिली। जिनके शरीर पर धारदार हथियार से वार के निशान थे। जांच पड़ताल में मृतका के पति महेंद्र साहू पर पुलिस को शुरू से ही शक था। ऐसे में पुलिस ने महेन्द्र और उसके एक साथी को हिरासत में भी लिया था। वहीं स्नीफर डॉग रूबी ने भी महेन्द्र के उपर दो बार चढ़ कर पुलिस को इशारा दे दिया था। आरोपी महेन्द्र शराब, गंजेड़ी और आपराधिक प्रवृत्ति का था। वह अपने द्वारा मजदूरी कर कमाए रुपयों को शराब, गांजा और दोस्तों में ही लुटा देता था। वहीं अपनी अय्याशी पूरी करने के लिए पत्नी सुकांती से रुपयों की मांग करता था, सुकांती द्वारा रुपए देने में आनाकानी करने से महेन्द्र ने उसकी हत्या की साजिश रची। इस वारदात को अंजाम देने के लिए महेन्द्र ने गांव के ही अपने दोस्त भागीरथी राठिया का सहारा लिया। इसके बदले में उसे गांव के अपनी 5 डिसमील जमीन और बैंक से मिलने वाली कुछ राशि को देने का वादा करते हुए उसे लालच दिया। प्लान के तहत रात में टांगी लेकर सुकांती के घर पहुंचा और सोई अवस्था में सुकांती पर टांगी से ताबड़तोड़ हमला कर उसे मौत की नींद सुला दिया। तभी उसकी बेटी जग गई तो आरोपी को उसको भी मारना पड़ा। जब दो की वह हत्या कर चुका था तो उसने युगल को मार डाला।

केस 6

### चोरी का आरोप लगाकर युवक की,हत्या

जून माह में चक्रधर नगर थाना क्षेत्र के ग्राम सपनई में बीच बस्ती में रहने वाले बसंत सिदार ने गांव के ही फिटिंग पारा निवासी चेतन सिंह धनवार पर मूंगफली चोरी करने का आरोप लगाकर थप्पड़ जड़ दिया था। इसके बाद विवाद बढ़ा तो आरोपी ने डंडे से उसके सिर पर वार कर उसे मौत के घाट उतार दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और घटना स्थल का जायजा लेते हुए गवाहों के बयान के आधार पर आरोपी को धर दबोचा। पूछताछ में आरोपी ने बताया था कि उसके खेत से मूंगफली की चोरी हुई थी, जिस पर उसे मृतक पर चोरी का संदेह था। नशे में उसने वारदात कर डाली।

# मिलूपारा-कोड़केल के पास बस खेत में पलटी, 30 यात्री घायल

### मौके पर मची चीख-पुकार, घायलों को इलाज के लिए भेजा गया अस्पताल

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़



जिले के तमनार क्षेत्र में शनिवार सुबह एक दर्दनाक हादसा हो गया। यात्रियों से भरी एक निजी बस अनियंत्रित होकर खेत में जा पलटी, जिसमें 30 से ज्यादा लोग घायल हो गए। घटना सुबह करीब 9 बजे मिलुपारा-कोडकेल गांव के पास उस समय हुई] जब बस ढलान से गुजर रही थी। बस सितारा ट्रैवल्स की बताई जा रही है, जो रोज़ाना की तरह तोलमा से रायगढ़ की ओर यात्रियों को लेकर आ रही थी। जैसे ही बस कोडकेल ढलान पर पहुँची, चालक का संतुलन बिगड़ गया और बस सड़क से उतरकर एक खेत में पलट गई। हादसे के तुरंत बाद मौके पर चीख-पुकार मच गई। कुछ यात्री बस के अंदर फंसे रह गए। आसपास के ग्रामीण तत्काल घटनास्थल पर पहुंचे और राहत कार्य शुरू किया। सूचना मिलने पर तमनार थाना पुलिस और डायल 112 की टीम मौके पर पहुंची। दो एम्बुलेंस की मदद से घायलों को तमनार के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। हादसे में कुल 30 से अधिक लोग घायल हुए हैं, जिनमें से 9 को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। अन्य यात्रियों को प्राथमिक उपचार के बाद छुट्टी दे दी गई है। गंभीर घायलों की हालत फ़िलहाल स्थिर बताई जा रही है। घायलों में तेजराम, सुकांति सिदार, ललिता भगत, सुंदरमति चौहान, हरिराम खड़िया, मंगलराम निषाद और नत्थुराम यादव सहित अन्य शामिल हैं। तमनार पुलिस ने घटना स्थल का निरीक्षण किया और प्रारंभिक जांच के बाद बस चालक के खिलाफ लापरवाही का मामला दर्ज कर लिया है।

### इशिता हार्डवेयर ने लगाए सीसीटीवी कैमरे

रायगढ़। रायगढ़ पुलिस द्वारा चलाए जा रहे सीसीटीवी जागरूकता अभियान के तहत नागरिकों में सुरक्षा को लेकर सजगता बढ़ती दिखाई दे रही है। इसी क्रम में जूटमिल थाना क्षेत्र के सावित्री नगर मार्ग पर स्थित इशिता हार्डवेयर के संचालक अजय शर्मा ने अपने व्यवसायिक प्रतिष्ठान के बाहर सड़क को कवर करते हुए दोनों दिशाओं में सीसीटीवी कैमरे लगाए हैं। अजय शर्मा ने बताया कि उन्हें इस अभियान की जानकारी सोशल मीडिया के माध्यम से प्राप्त हुई, जिसके बाद उन्होंने कैमरे लगाने का निर्णय लिया। उन्होंने बताया कि पहले से दुकान के भीतर कैमरे लगे हुए थे, लेकिन अब बाहर रोड को भी फोकस करते हुए दो उच्च गुणवत्ता वाले कैमरे लगाए गए हैं, जिससे दुकान के साथ ही आसपास का क्षेत्र भी निगरानी में आ गया है।

## प्रस्ताव में नहीं किया चौड़ाई का जिक्र : नेता प्रतिपक्ष सलीम

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

नगर निगम की बैठक में शहर की 37 सड़कों के चौड़ीकरण का प्रस्ताव तो रखा गया, लेकिन उसमें सड़कों की चौड़ाई कितनी होगी, इसका कोई उल्लेख नहीं किया गया। नेता प्रतिपक्ष सलीम नियरिया ने इस पर आपत्ति जताते हुए कहा कि अधिनियम के प्रावधानों की अनदेखी की गई है। सलीम ने कहा कि बिना मुआवजा, पुनर्वास और स्पष्ट मापदंड के प्रस्ताव पास करना प्रगति नगर जैसे विवादों को जन्म देगा। उन्होंने चेताया कि अगर मुआवजा व पुनर्वास का जिक्र नहीं हुआ तो कांग्रेस सड़क से लेकर सदन तक आंदोलन करेगी। उन्होंने यह भी कहा कि निगम ने छत्तीसगढ़ नगर पालिक निगम अधिनियम 1956 की धारा 291 के तहत दावा आपत्ति की प्रक्रिया नहीं अपनाई। सदन में चर्चा की मांग को भी सत्ता पक्ष ने बहुमत के बल पर खारिज कर दिया। सलीम ने सवाल उठाया कि जब प्रस्ताव पर अमल एक साल में संभव नहीं है तो फिर इतनी जल्दबाज़ी क्योंध उन्होंने पूरे मामले में भ्रष्टाचार की आशंका भी जताई।



## आरक्षक की स्कूटी चुराने वाला आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**रायगढ़।** स्कूटी चोरी के मामले को कोतवाली पुलिस ने महज कुछ घंटों में सुलझाते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी के अनुसार आरक्षक लखेश्वर पुरसेठ थाना जूटमिल, ड्यूटी से लौटकर शाम करीब 4 बजे अपनी स्कूटी क्रमांक को घर के बाहर खड़ी कर अंदर गया था। करीब 4.45 बजे जब दोबारा ड्यूटी पर जाने निकला तो स्कूटी मौके से गायब थी। आसपास पूछताछ और खोजबीन के बाद जब कोई जानकारी नहीं मिली तो कोतवाली पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस टीम ने घटनास्थल पहुंचकर आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की, जिसमें एक अज्ञात व्यक्ति को स्कूटी ले जाते हुए देखा गया। सीसीटीवी में दिखे हुलिये के आधार पर आरोपी की तलाश शुरू की गई और वह रेलवे स्टेशन के पास घूमते हुए नजर आया। पुलिस ने उसे हिरासत में लेकर पूछताछ की, जिसमें उसने अपना नाम रूशीष प्रसाद पिता सत्यनारायण प्रसाद निवासी बिहारीपारा बुरोमाल थाना झारसुगुड़ा बताया। आरोपी ने चोरी की गई स्कूटी को रेलवे स्टेशन के पुराने पार्किंग क्षेत्र में छिपाकर रखने की बात स्वीकार की।



## पुटुकछार गांव की पुलिया बही, आवागमन बाधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

धरमजयगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत पुटूकछार में बीते कुछ दिनों से हो रही निरंतर भारी वर्षा ने न केवल प्राकृतिक आपदा की दस्तक दी है, बल्कि वर्षों से चले आ रहे सरकारी उपेक्षा और विकास की खोखली नींव को भी उजागर कर दिया है।

पुटुकछार के मुख्य बस्ती को खम्हार से जोड़ने वाले मुख्य मार्ग पर स्थित पेटोरी चपटा नाला नामक नाले में बनी पुलिया एक बार पुनः ढह गई है। प्रशासनिक अनदेखी और निर्माण में की गई अनियमितताओं का यह एक ताजा उदाहरण है। पुलिया ढह जाने अब न वाहन आ सकते हैं, न बीमार को अस्पताल ले जाया जा सकता है, गांव जैसे बंधक बन गया है। जानकारी अनुसार इस पुलिया का निर्माण आरईएस विभाग द्वारा किया गया था, लेकिन यह निर्माण कम और दिखावा अधिक था। संबंध में उपसरपंच भुनेश्वर यादव की मानें तो विगत वर्ष ही पुलिया की जर्जरता को देखते हुए विभाग सहित क्षेत्रीय विधायक लालजीत राठिया, सांसद राधेश्याम राठिया को पत्राचार और मौखिक रूप से अवगत कराया गया था, लेकिन कोई ठोस कार्रवाई नहीं की गई। उन्होंने कहा कि निवेदन करने से बीते वर्ष की तरह इस बार भी आरईएस विभाग ने पुलिया के अस्थायी मरम्मत के लिए गिट्टी डालकर खानापूर्ति की, जोकि तेज बहाव में टिक ना सकी। अब हालात ऐसे हैं कि बड़ी गाड़ियों का प्रवेश पूरी तरह बंद हो गया है और दोनों ओर के मार्ग अवरुद्ध हो गए हैं।

अग्रसेन प्रा. आई.टी.आई

ITI RAIGARH

Affiliated By : N.C.V.T & D.G.E.T.
New Delhi (Govt. of India)

भारतीय सेना में कार्यरत/ भूतपूर्व सैनिकों के परिवार एवं दिव्यांग छात्र-छात्राओं के लिए संपूर्ण फीस में 25 % की छूट

REGISTRATION OPEN

• ELECTRICIAN 2 Year (10th Pass)

• FITTER 2 Year (10th Pass)

उड़ीसा रोड , काशीराम चौक के पास, गढ़उमरिया, रायगढ़ (छ.ग.)

89595-93923 • 89595-44444





## राजकुमार राव का गैंगस्टर अवतार दमदार मास्टरपीस बनने से चूक गई मालिक

**मुंबई।** प्रयागराज की गलियों से निकली एक चिंगारी जब आग बनती है, तो वो सिर्फ रास्ते नहीं जलाती, कई जिंदगियां झुलसा देती है। मालिक ऐसी ही एक चिंगारी की कहानी है, जो न तो पूरी तरह अपराध की तरफ है, न ही सिस्टम से लड़ने वाली कोई महान आत्मा। यह कहानी है उस गुस्से, उस लाचारी की, जो धीरे-धीरे एक आम लड़के को मालिक बना देती है। फिल्म का सेंट्रल किरदार है दीपक, जिसे निभाया है राजकुमार राव ने। राजकुमार की परफॉर्मेंस फिल्म का सबसे ताक़तवर पक्ष है। उन्होंने अपने किरदार में जो टूटा हुआ आत्म-सम्मान, अंदर ही अंदर उबलता गुस्सा और धीरे-धीरे बढ़ती सत्ता की भूख दिखाई है, वो वाकई असर छोड़ती है। मालिक एक गंभीर कोशिश है, जो ईमानदार है, लेकिन अधूरी लगती है।

लाइफ Style

# प्रियंका

## खाने के चॉइस को लेकर बटोर रही हैं सुर्खियां

ग्लोबल आइकन बन चुकी प्रियंका चोपड़ा इन दिनों अपनी फिल्म 'हेड्स ऑफ स्टेट' में अपने एमआई6 एजेंट नोएल बिसेट वाले किरदार को लेकर चर्चा में हैं। प्रियंका ने एक्शन और ऐसा मारधाड़ मचाया है कि बॉलीवुड के टॉप एक्टर्स भी शरमा जाएं। पीसी अब बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड फैन्स तक के दिलों की धड़कनें बन चुकी हैं।

एजेंसी ⏭ मुंबई

हम यहां उनकी चर्चा इस फिल्म को लेकर नहीं करने जा रहे हैं, बल्कि वडा पाव की तौहीन को लेकर कर रहे हैं, जिसकी वजह से वो पब्लिक के निशाने पर हैं। हालांकि, एक्ट्रेस भी कहां चुप बैठने वालीं, दो टूक में करारा जवाब भी दे डाला है। प्रियंका चोपड़ा इस वक्त अपने खाने के चॉइस को लेकर सुर्खियां बटोर रही हैं। इस ग्लोबल स्टार ने हाल ही में एक ऐसे को चुप करा दिया, जिन्होंने उनकी नई फिल्म 'हेड्स ऑफ स्टेट' के प्रीमियर पर वडा पाव की बजाय हॉट डॉग चुनने पर उनका मज़ाक उड़ाया था। दरअसल, एक्ट्रेस का एक क्लिप वायरल हो रहा था जिसमें प्रियंका चोपड़ा मुंबई के स्ट्रीट फूड और दुनिया के फेवरेट फूड में से किसी एक को चुनने में काफी समय लगा रही थीं, जिसे लेकर उनकी ऑनलाइन आलोचना होने लगी। अब प्रियंका चोपड़ा ने अपना वो क्लिप और उसके साथ करारा जवाब भी इंस्टाग्राम स्टोरी पर शेयर किया है। इस वीडियो के साथ प्रियंका ने हंसते हुए इमोजी के साथ लिखा, 'वाह भाई! मुझे नहीं पता था कि देसी होने का भी कोई सिलेबस होता है। ये इतना सीरियस नहीं है। वड़ा पाव बनाम हॉट डॉग।' 'देसी गर्ल' के इस अंदाज ने फैन्स का दिल जीत लिया है और कइयों ने उन्हें सपोर्ट करते हुए कहा है कि किसी की पहचान खाने-पीने की चॉइस के आधार पर तय नहीं होती।



### हॉलीवुड मसाला




## सुपरमैन को मिले मिक्स रिएक्शन्स

**लॉस एंजिल्स।** सुपरहीरो फिल्मों के दीवानों के लिए 11 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है 'सुपरमैन'। जेम्स गन के निर्देशन में बनी ये हॉलीवुड फिल्म फैंस की उम्मीदों पर खरी उतरी? सोशल मीडिया पर आई प्रतिक्रियाएं बताती हैं कि मामला कुछ मिला-जुला रहा। डेविड कोरेन्सवेट, एलन ट्युडिक, ग्रेस चान, एंजेला साराफ्यान जैसे कलाकारों से सजी इस फिल्म को लेकर लोगों में काफी उत्साह था। गन के निर्देशन और डीसी स्टूडियोज के बैनर तले बनी इस फिल्म से उम्मीदें आसमान छू रही थीं, लेकिन फिल्म रिलीज होते ही दर्शकों की राय दो हिस्सों में बंट गई।



## पैरानॉर्मल एक्टिविटी है कम बजट में बड़ा चमत्कार

**नई दिल्ली।** हॉरर फिल्म 'पैरानॉर्मल एक्टिविटी' ने एक करोड़ 70 लाख के बजट में 1600 करोड़ रुपए की कमाई की। यही नहीं, इस फिल्म को सात दिन के अंदर ही शूट कर लिया गया था। 2007 में रिलीज हुई हॉलीवुड की सुपरनैचुरल हॉरर फिल्म 'पैरानॉर्मल एक्टिविटी', जिसने कम बजट में बॉक्स ऑफिस पर इतिहास रच दिया था। इस फिल्म के राइटर, डायरेक्टर और प्रोड्यूसर ओरेन पेली हैं। 'पैरानॉर्मल ' का निर्माण सिर्फ 15,000 डॉलर (लगभग 12 लाख रुपए) में हुआ था। ओरेन पेली ने अपने घर में सात दिन में इसे शूट किया, जिसमें उन्होंने खुद निर्देशक, कैमरामैन, एडिटर और प्रोड्यूसर की भूमिका निभाई। 'पैरानॉर्मल एक्टिविटी' को साधारण कैमरे से शूट किया गया। जिसने इसकी लागत को कम रखा। बाद में, स्टीवन स्पीलबर्ग के सुझाव पर नया अंत शूट करने और साउंड डिजाइन के लिए दो लाख डॉलर और खर्च हुए, जिससे कुल बजट 215,000 डॉलर (लगभग 1.84 करोड़ रुपए) हो गया।



## बॉर्डर 2 की शूटिंग को लेकर उत्साहित

**मुंबई।** सुनील शेट्टी के बेटे अहान शेट्टी अपकमिंग फिल्म 'बॉर्डर 2' में नजर आने वाले हैं। अभी इस फिल्म की शूटिंग हो रही है। ऐसे में उन्होंने अपने इंस्टाग्राम के जरिए बताया है कि पुणे में इस फिल्म की शूटिंग पूरी हो चुकी है। अहान शेट्टी वरुण धवन और दिलजीत दोसांझ के साथ बड़े पर्दे पर नजर आने वाले हैं। शुक्रवार को अहान शेट्टी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर एक पोस्ट शेयर कर बताया है कि उन्होंने पुणे में अपनी शूटिंग कंप्लीट कर ली है। अहान ने सोशल मीडिया पर कई तस्वीरें शेयर की हैं। इसके कैप्शन में लिखा है 'और क्या है यह बॉर्डर? बस एक फौजी और उसके भाई हैं। पुणे में यह कार्यक्रम समाप्त हुआ अब अगले कार्यक्रम पर चलते हैं।' इससे एक दिन पहले वरुण धवन ने भी बताया था कि पुणे में उन्होंने एनडीए की शूटिंग पूरी कर ली है।



## द पैराडाइज में हुई राघव जुयाल की एंट्री

**मुंबई।** नेचुरल स्टार नानी इन दिनों अपनी आगामी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'द पैराडाइज'की शूटिंग में व्यस्त हैं। वहीं निर्माताओं ने बीटीएस वीडियो शेयर कर फिल्म 'किल से सभी दर्शकों का दिल जीत चुके राघव जुयाल के होने की भी पुष्टि कर दी है। राघव का किरदार गंभीर और दमदार है। इस वीडियो में उनकी मेहनत और उत्साह साफ दिखाई दे रहा है। इस वीडियो को देखकर यही लग रहा है की उनका किरदार काफी दमदार होने वाला है। फिल्म के निर्माताओं ने इस वीडियो के साथ कैप्शन में लिखा, 'द पैराडाइज- प्रतिभाशाली लोगों को शुभकामनाएं देता है। राघव जुयाल को जन्मदिन की बहुत बहुत शुभकामनाएं। एक ऐसे रोल में उनका स्वागत है, जो अनोखा होगा और सभी को आश्चर्यचकित कर देगा।' राघव, जो अपनी खास स्क्रीन मौजूदगी के लिए जाने जाते हैं।

### टीवी मसाला




## 11 अगस्त से शुरू होगा कौन बनेगा करोड़पति का नया सीजन

**नई दिल्ली।** 'कौन बनेगा करोड़पति'में अमिताभ बच्चन एक बार फिर से प्रतियोगियों से सवाल-जवाब करते नजर आएंगे। 11 अगस्त से 'कौन बनेगा करोड़पति' का नया सीजन शुरू होगा। शो का एक प्रोमो भी सोशल मीडिया पर शेयर किया गया है। सोनीटीवी ऑफिशियल के इंस्टाग्राम पेज पर शो 'कौन बनेगा करोड़पति का एक प्रोमो शेयर किया गया। जिसमें एक अमीर आदमी एक गरीब आदमी का मजाक बनता है। अपने कारपेट से पैर हटाने के लिए कहता है। इस पर वह आदमी जानकारी देता है कि यह कारपेट ऐसे मटीरियल का बना है, जो गंदा नहीं होता है। इसके बाद वह कहता है, 'हमारे भदौयी में भी कारपेट बनते हैं, आपको भेजते हैं और उस आदमी के हाथ में कुछ पैसे रख देता है।' फिर एंट्री होती है, अमिताभ बच्चन की, वह कहते हैं, 'अक्ल है तो अकड़ है।' आगे प्रोमो में अमिताभ बच्चन 'कौन बनेगा करोड़पति' के नए सीजन के टेलीकास्ट होने की तारीख बताते हैं। मगर यह बात वह विजय दीनानाथ चौहान के अंदाज में कहते हैं।

## 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' का उद्देश्य है प्रेरित करना

**नई दिल्ली।** एकता कपूर ने बताया कि, 'क्योंकि सास भी कभी बहू थी' वैश्विक स्तर पर पहुंच गया था, जिसने भारतीय कहानियों की परंपरा को पूरी दुनिया में पहुंचाया। ये सिर्फ एक डेली सोप नहीं था, बल्कि इसने घरेलू बलात्कार, वैवाहिक बलात्कार, उम्र को लेकर शर्मिंदा करने और इच्छा मृत्यु जैसे मुद्दों पर चर्चा को घर-घर तक पहुंचाया। यही थी इस कहानी की असली विरासत। आइए एक ऐसा शो बनाते हैं जो जरूरी सवाल उठाने से न डरे, जो बातचीत की शुरुआत करे और एक ऐसे दौर में अलग नजर आए, जहां विजुअल चमक-दमक सब कुछ बन चुका है। क्योंकि सास भी कभी बहू थी अब लौट रहा है सीमित एपिसोड्स के साथ- अपने 25 साल पूरे होने का जश्न मनाने के लिए। इसका उद्देश्य सिर्फ मनोरंजन नहीं, बल्कि प्रभाव छोड़ना, सोच को झिंझोड़ना और सबसे जरूरी-प्रेरित करना है। ढेर सारी मस्ती, उत्साह और दिल से जुड़ी भावनाओं के साथ।'



## शिल्पा और संजय केडी में एक साथ आएंगे नजर

**मुंबई।** कन्नड़ फिल्म 'केडी-द डेविल' का टीजर हाल ही में मुंबई में शानदार तरीके से लॉन्च किया गया। इस इवेंट के बाद से ही फिल्म को लेकर चर्चा शुरू हो गई है। इसकी सबसे खास बात है संजय दत्त और शिल्पा शेट्टी की जोड़ी, जो एक लंबे अरसे बाद किसी फिल्म में एकसाथ नजर आने वाली है। दोनों ही सितारों के फैंस के लिए ये किसी ट्रीट से कम नहीं है। टीजर में दिखाया गया है कि संजय दत्त एक दमदार किरदार 'धाक देवा' के रूप में नजर आ रहे हैं और ध्रुव सर्जा 'केडी' की भूमिका में हैं। लेकिन शिल्पा शेट्टी का अंदाज भी कमाल का है। शिल्पा फिल्म में एक मजबूत और प्रभावशाली महिला किरदार निभा रही हैं, जो शायद कहानी का अहम मोड़ साबित हो। शिल्पा शेट्टी ने लंबे वक्त बाद किसी एक्शन ड्रामा फिल्म में वापसी की है और वो भी संजय दत्त जैसे मजबूत अभिनेता के साथ। उनकी इस फिल्म को लेकर फैंस में खासा उत्साह है। टीजर में भारी भरकम एक्शन सीन्स, जबरदस्त डायलॉग्स और 70 के दशक के पीरियड ड्रामा की झलक देखने को मिलती है। इसके साथ ही संगीत निर्देशक अर्जुन जन्या का म्यूजिक भी लोगों को पसंद आ रहा है। फिल्म के पहले दो गाने 'शिवा शिवा' और 'सेट्टगल्ला' को सोशल मीडिया पर जबरदस्त रिस्पॉन्स मिला है। फिल्म की कहानी दो किरदारों के इर्द-गिर्द घूमती है, जो खून के रिश्ते से नहीं, बल्कि एक और गहरे बंधन से जुड़े हैं। ये सिर्फ एक एक्शन फिल्म नहीं बल्कि इमोशन, ड्रामा और रिवेंज की तगड़ी डोज का प्रॉमिस कर रही है। फिल्म का निर्देशन 'जोगी' फेम प्रेम ने किया है और इसमें ध्रुव सर्जा, संजय दत्त, शिल्पा शेट्टी, रीशमा नानैया, रमेश अरविंद, रविचंद्रन जैसे बड़े सितारे नजर आएंगे। लेकिन सबकी निगाहें टिकी हैं संजय दत्त और शिल्पा शेट्टी की जोड़ी पर, जिन्होंने पहले भी साथ काम कर दर्शकों का दिल जीता था। एक बार फिर ये जोड़ी पर्दे पर एक ही फिल्म में आ रही है।



## आंखों की गुस्ताखियां देखकर दर्शकों ने दी मिलीजुली प्रतिक्रिया



**मुंबई।** विक्रांत मैसी और शनाया कपूर की फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां' 11 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। फिल्म के शुरुआती रिव्यू आने शुरू हो गए हैं। फिल्म का निर्देशन संतोष सिंह ने किया है। फिल्म की कहानी रस्किन बॉन्ड की लघु कहानी 'द आईज हैव इट' पर आधारित है। यह फिल्म लोगों को एक अलग ही अनुभव देगी। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर एक यूजर ने लिखा है 'सेंसर बोर्ड से पहला रिव्यू। शनाया कपूर की फिल्म में आपका स्वागत है। उनकी परफॉर्मेंस सबसे बुरी रही। यह एक बोरिंग रोमांटिक फिल्म है। निर्माता ने स्क्रिप्ट पर अपने पैसे बर्बाद कर दिए। इसे न देखें। विक्रांत मैसी भी अच्छे नहीं लग रहे हैं।' एक एक्स यूजर को फिल्म 'आंखों की गुस्ताखियां' पसंद नहीं आई है। उन्होंने लिखा है 'मालिक और आंखों की गुस्ताखियां का रिव्यू औसत से कम है।' एक और एक्स यूजर ने लिखा है 'आंखों की गुस्ताखियां देखने में अच्छी है। विक्रांत मैसी ने अच्छा काम किया है। शनाया कपूर ने भी अच्छा काम किया है। उम्मीद है कि फिल्म अच्छी चलेगी।' फिल्म क्रिटीक कुलदीप गढ़वी ने फिल्म के बारे में लिखा है 'फिल्म ने न सिर्फ मेरे दिल को बल्कि मेरी आत्मा को भी छुआ है। यह एक दिल को छू लेने वाली कहानी है जो धीरे-धीरे खुलती है और आप पर गहरी छाप छोड़ती है। यह शनाया कपूर की पहली फिल्म है, और यह वाकई कमाल की शुरुआत है!

### आरपार, मिस्टर एंड मिसेज 55, प्यासा, नमक हलाल जैसी कई सुपरहिट फिल्मों में आईं नजर

## दुख और कष्ट में बीता बचपन, बाद में बनीं बॉलीवुड की पहली कॉमेडी क्वीन

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

जब भी बॉलीवुड के मशहूर कॉमेडियन की बात होती है तो महमूद और जॉनी वॉकर से लेकर जॉनी लीवर, जूनियर महमूद और राजपाल यादव के नाम लिए जाते हैं। लेकिन, क्या आप जानते हैं कि बॉलीवुड की पहली महिला कॉमेडियन कौन थीं? अभिनेत्री उमा देवी खत्री उर्फ टुनटुन वो शख्स हैं, जिन्हें बॉलीवुड की पहली महिला कॉमेडियन माना जाता है। टुनटुन कॉमेडी क्वीन के नाम से जानी जाती हैं। सिंगर-एक्टर उमा देवी उर्फ टुनटुन की 11 जुलाई को 102वीं जयंती थी। इस मौके पर जानते हैं कैसे शुरू हुआ उनका सफर।

अपनी एक्टिंग से लोगों के चेहरों पर मुस्कान लाने वाली टुनटुन का बचपन दुखों भरा रहा है। टुनटुन का जन्म उमा देवी खत्री के रूप में 11 जुलाई 1923 को अब उत्तर प्रदेश के अमरोहा जिले में हुआ था। टुनटुन का बचपन बेहद मुश्किलों में गुजरा। उनके माता-पिता और भाई की हत्या जमीन विवाद में कर दी गई थी। अपनी मौत से दो दिन पहले टुनटुन ने एक इंटरव्यू में बताया था कि मैं नहीं जानती मेरे मां-बाप कैसे दिखते थे, क्योंकि जब मैं ढाई साल की थी तो वो गुजर चुके थे। मेरा 8-9 साल का भाई था, जिसका नाम हरी था। मुझे याद है हम अलीपुर में रहते थे। एक दिन मेरे भाई की भी हत्या कर दी गई, तब मैं चार-पांच साल की रही रहूंगी।



### ऐसे पड़ा टुनटुन नाम

टुनटुन का नाम उमा देवी से टुनटुन कैसे पड़ा इसके भी पीछे एक कहानी है। कुछ लोगों का कहना है ये नाम उन्हें उनके भारी वजन के कारण नौशाद ने दिया था। जबकि कुछ लोगों का कहना है कि उमा देवी को टुनटुन नाम दिलीप कुमार ने दिया था। बाबुल फिल्म के एक सीन की शूटिंग के दौरान टुनटुन के गिर जाने पर दिलीप कुमार ने कहा कि कोई उठाओ इस टुनटन को। बस यहीं से उनका नाम टुनटुन पड़ा। फिलहाल नाम जैसे भी पड़ा हो, लेकिन बाद में ये नाम बॉलीवुड का सबसे चर्चित नाम बना। 24 नवंबर 2003 को टुनटुन का निधन हो गया।

### घर से भागकर पहुंचीं मुंबई

टुनटुन का बचपन से ही संगीत की तरफ झुकाव था। वो अक्सर रेडियो से गाने सुनकर उसका रियाज किया करती थीं। टुनटुन अक्सर काम के सिलसिले में दरियागंज में रहने वाले रिश्तेदार के घर जाया करती थीं। एक दिन वहां पर उनकी मुलाकात अख्तर अब्बास काजी से हुई। उन्होंने टुनटुन से वादा किया था वो उनकी मदद जरूर करेंगे। लेकिन, बाद में वो लाहौर चले गए। इसके बाद उनकी मुलाकात एक लड़की से हुई जो मुंबई के कई फिल्म वालों को जानती थी। एक दिन टुनटुन ने उनको ये बात बताई उन्हें गाने का बहुत शौक है, तो उन्होंने कहा कि तुम मेरे साथ मुंबई चलो। इसके बाद टुनटुन अपनी उस दोस्त के साथ भागकर मुंबई आ गईं। वहां पर दोस्त ने उनकी मुलाकात डायरेक्टर नितिन बोस के असिस्टेंट से कराई। नए शहर में जाने के बाद टुनटुन के पास रहने के लिए कोई ठिकाना नहीं था, तो नितिन बोस के असिस्टेंट ने उन्हें अपने घर पर पनाह देदी।

### नौशाद ने ही दी फिल्मों में जाने की सलाह

बच्चे हो जाने के बाद टुनटुन काफी मोटी हो गई थीं। वो फिर से इंडस्ट्री में वापसी करना चाहती थीं। इसके लिए वो फिर नौशाद के पास पहुंचीं। लेकिन, नौशाद ने उनसे कहा कि अब लता मंगेशकर जैसे संगीत की शिक्षा लिए हुए लोग म्यूजिक में आ गए हैं। इसलिए अब यहां टिक पाना मुश्किल है। कहते हैं कि नौशाद ने ही टुनटुन को फिल्मों में एक्टिंग करने की सलाह दी थी। उन्होंने टुनटुन से कहा कि तुम्हारा वजन काफी बढ़ गया है। ऐसे में तुम्हें देखकर लोग हंसेंगे। तुम फिल्मों में एक्टिंग करो।

### दिलीप कुमार की फिल्म से किया एक्टिंग डेब्यू

नौशाद दिलीप कुमार के पास गए। दिलीप कुमार उस वक्त बाबुल फिल्म बना रहे थे। नौशाद ने उन्हें टुनटुन को लेने के लिए कहा, दिलीप साहब इस पर राजी हो गए। इस तरह टुनटुन ने 1950 में आई फिल्म बाबुल से अपना एक्टिंग डेब्यू किया। इसके बाद वो आरपार, मिस्टर एंड मिसेज 55, प्यासा, नमक हलाल जैसी कई सुपरहिट फिल्मों में नजर आईं। देखते-देखते टुनटुन बॉलीवुड की कॉमेडी क्वीन बन गईं। ऐसा कहा जाता है कि टुनटुन ने 200 फिल्मों में काम किया है।

**खबर संक्षेप**

## जांच में शिकायत झूठी पाई गई

**जशपुरनगर।** शासकीय इंदिरा गांधी कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पत्थलगांव की शिकायत के संबंध में जांच की गई। जांच में तहसीलदार प्रांजल मिश्रा पत्थलगांव एवं बीआरसी की उपस्थित में विद्यालय में प्राप्त वितरित एवं शेष पुस्तकों का मिलान किया गया। प्राप्त पुस्तकें के अनुसार वितरित एवं शेष पुस्तकों की संख्या सही पाया गया। विद्यालय के प्राचार्य द्वारा दी गई जानकारी अनुसार किताबें शेष नहीं बची है। उन्होंने बताया सत्र 2024.25 की सभी पुस्तकें वितरण कर दी गई कोई पुस्तक नहीं बचा है। साफ सफाई के दौरान प्रतिदिन कचरा निकलता है उसे ही जलाने का अवशेष पाया गया।

## प्रयास आवासीय विद्यालयों के लिए प्रतीक्षा सूची जारी

**जशपुरनगर।** मुख्यमंत्री बाल भविष्य सुरक्षा योजना अंतर्गत संचालित प्रयास विद्यालय के कक्षा 9वीं सत्र 2025-26 में प्रवेश हेतु आयोजित प्राक्यचन परीक्षा 20 अप्रैल 2025 का परीक्षा परिणाम घोषित किया जा चुका है। परीक्षा के आधार पर वर्गवार चयन सूची एवं प्रतीक्षा सूची राज्य कार्यालय द्वारा जारी की गई है। विद्यार्थियों की वर्गवार प्रतीक्षा सूची विभागीय वेबसाईट पर अवलोकन किया जा सकता है। प्रतीक्षा सूची के चयनित विद्यार्थियों हेतु 15 से 18 जुलाई 2025 तक काउंसिलिंग आयोजित की गई है।

## कृषकों को प्रदान किया जाएगा आदान राशि

**जशपुरनगर।** राज्य का अधिकांश क्षेत्र वर्षा आधारित होने से मौसमीय प्रतिकूलता एवं कृषि आदान लागत में वृद्धि के कारण कृषि आय में अनिश्चितता बनी रहती है, जिसके कारण कृषक फसल उत्पादन के लिए आवश्यक आदान जैसे उन्नत बीज, उर्वरक, कीटनाशक, यांत्रिकीकरण एवं नवीन कृषि तकनीकी में पर्याप्त निवेश नहीं कर पाते हैं। राज्य सरकार द्वारा कृषि में पर्याप्त निवेश एवं कास्त लागत राहत देने के लिए कृषक उन्नति योजना प्रारंभ की गई है। फसल विविधीकरण को प्रोत्साहन देने, दलहन तिलहन फसलों के क्षेत्र विस्तार तथा इनके उत्पादन में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य के साथ योजनांतर्गत चिन्हित अन्य फसलों पर आदान सहायता राशि दिए जाने का निर्णय लिया गया है। कृषक उन्नति योजना का मुख्य उद्देश्य फसल क्षेत्राच्छादन, उत्पादन एवं उत्पादकता में वृद्धि, फसल के कास्त लागत में कमी लाकर कृषकों की आय में वृद्धि तथा उनके सामाजिक-आर्थिक स्तर में सुधार के साथ-साथ कृषकों को उन्नत बीज, उर्वरक, कीटनाशक, मानव श्रम, यांत्रिकीकरण एवं नवीन कृषि तकनीकी में निवेश हेतु प्रोत्साहन, फसल विविधीकरण को प्रोत्साहन देते हुए कृषि को लाभ के व्यवसाय के रूप में पुर्नस्थापित करना है।

## जानलेवा हमला करने वाला आरोपी गिरफ्तार

**सोनगरा।** साप्ताहिक बाजार में सरपंच प्रतिनिधि पर एक ग्रामीण ने प्राणघात हमला कर दिया। घटना में सरपंच प्रतिनिधि गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल का शहर के एक निजी अस्पताल में उपचार चल रहा है। इधर घटना की रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस आरोपी को न्यायालय में पेश करने की तैयारी में है।

# अधिकारी-कर्मचारी कार्यों में तेजी और सुधार लाएं या कार्रवाई के लिए तैयार रहें : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ सारंगढ़

कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने गुरुवार को ब्लॉक मुख्यालय बरमकेला में ब्लॉक स्तरीय कार्यों के क्रियान्वयन का समीक्षा किया। उन्होंने विभागवार समीक्षा किया, जिसमें डॉ कन्नौजे का कार्य के प्रति लापरवाही करने वाले अधिकारी कर्मचारी पर सख्त नजर आए। उन्होंने सभी अधिकारी कर्मचारी को कहा कि अपने कार्यों में तेजी और सुधार लाएं या कार्यवाही के लिए तैयार रहें। राजस्व विभाग के समीक्षा के दौरान कलेक्टर ने कहा कि शासकीय भूमि पर अवैध कब्जों का पहले चिन्हांकन करें और पटवारी, आरआई, नायब तहसीलदार और तहसीलदार की टीम चिन्हांकित कब्जों को हटाने की कार्रवाई सुनिश्चित करें। नक्शा बटांकन, खसराविहीन भूमि का शीघ्र संकलन अद्यतन कार्य में धीमी गति पर कलेक्टर ने सभी पटवारियों को कार्य में तेजी लाने का अल्टीमेटम दिया। उन्होंने कहा कि लापरवाही या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। कलेक्टर ने कहाए जो पटवारी अपने कार्य में लापरवाही बरतेंगे वो कार्रवाई के लिए तैयार रहे।



### आपदा पर तत्काल करें आर्थिक सहयोग की कार्रवाई

जिले के किसी स्थान पर आकस्मिक दुर्घटना और प्राकृतिक आपदा आदि की स्थिति में कलेक्टर डॉ संजय ने कहा किए पटवारी तत्काल फील्ड में जाकर राजस्व के आरबीसी 6-4 के तहत कार्रवाई कर पीड़ित परिवार को तत्काल आर्थिक सहयोग देने में अपनी जिम्मेदारी का पालन गंभीरता और संवदेनशीलता के साथ करे।

### लापरवाही पर सचिव के खिलाफ होगी कार्रवाई

ग्राम पंचायतों में बनने वाले स्कूल, आंगनबाड़ी केंद्रों, शासकीय भवनों के गुणवत्ताविहीन निर्माण और निर्माण कार्य में लापरवाही पाए जाने पर ग्राम पंचायत सचिव से राशि वसूली की जाएगी एवं सरपंचों पर पंचायत अधिनियम अंतर्गत कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री आवास योजना में जिन पंचायतों में स्वीकृत आवासों के बावजूद कार्य प्रारंभ नहीं हुआ है, उन पंचायत सचिवों के विरुद्ध प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी।

### स्वास्थ्य कार्य में लापरवाही नहीं होगी बर्दाश्त

स्वास्थ्य विभाग की बैठक के दौरान डॉ कन्नौजे ने कहा कि सभी प्रभारी डॉक्टर सुनिश्चित करें किए सरकारी हॉस्पिटल में मरीजों का अच्छे से अच्छा देखभाल हो। सभी योजनाओं का लाभ दें। किसी भी प्रकार के इलाज और व्यवहार में कमी पाए जाने पर संबंधित स्वास्थ्यकर्मी के विरुद्ध कार्रवाई होगी। दवाईयों का एक्सपायरी चेक करें, यदि एक्सपायरी मिलती हैं तो स्वास्थ्य रूल्स अनुसार नष्ट करें। मरीजों और मरीज परिजन को नियम अनुसार पौष्टिकयुक्त भोजन, जरूरतमंद मरीजों को गरम पानी आदि बुनियादी सेवा मिलनी चाहिए। कलेक्टर ने कार्य में लापरवाही बरतने वाले डॉक्टर, नर्स, ड्राइवर, मितानिन सभी को नोटिस देने के निर्देश दिए।

### हॉस्टलों में हो पर्याप्त व्यवस्था

कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने आदिवासी विकास विभाग की समीक्षा में कहा किए जिन छात्रावासों में किसी भी प्रकार की समस्या है, उन्हें प्राथमिकता से ठीक किया जाए। बरसात के मौसम को देखते हुए छात्रावासों में साफ सफाई की विशेष व्यवस्था सुनिश्चित करें। सामान्य तौर पर आश्रम छात्रावास गांव शहर की बस्ती से दूर होते हैं इसलिए सांप, बिच्छू, जहरीले कीड़े को भगाने के लिए कीटनाशक दवा का छिड़काव छात्रावास भवन के बाहर करें। छात्रावासों में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था की जाए, ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो। यदि लाइट बंद होता है तो वैकल्पिक रोशनी के लिए टार्च, चार्जिंग बल्ब आदि की व्यवस्था हो। बच्चों का खाना पूरे उजाले में बनेए अंधेरे में नहीं बनना चाहिए। खाने में कीड़े आदि गिरा पाए जाने पर संबंधित पर कार्रवाई होगी। शाम को छात्रावास अधीक्षक बच्चों को छात्रावास परिसर से बाहर निकलने की अनुमति न दें। बालिका छात्रावासों की खिड़कियों में पर्दे लगाने की व्यवस्था की जाए। प्रत्येक छात्रावास में नजदीकी डॉक्टर और थाना प्रभारी का संपर्क नंबर प्रदर्शित किया जाए। किसी भी बच्चे के बीमार होने पर तत्काल चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराई जाए, इसमें किसी प्रकार की लापरवाही न हो। विभागीय योजना से प्राप्त डॉक्टर से सभी बच्चों का नियमित स्वास्थ्य जांच हो। सभी छात्रावासों के बच्चों का निमोनिया परीक्षण अनिवार्य रूप से कराया जाए। इसी तरह किसी प्रकार का पुलिस सहायता की जरूरत हो तो अपने अधिकारी, डायल 112 और थाना प्रभारी को सूचित करें।

### समय से पहले स्कूल बंद करने और देरी से आने वाले शिक्षकों पर होगी कार्रवाई

स्कूल संकुल समन्वयक की बैठक का आयोजन किया गया। सभी स्कूलों के संचालन की जिम्मेदारी संबंधित संकुल समन्वयकों की होगी। यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी स्कूल समय पर खुलें और शिक्षक नियमित रूप से उपस्थित रहें। मध्यान्ह भोजन योजना का संचालन गुणवत्तापूर्ण और नियमित रूप से किया जाए। बच्चों के बैठने की समुचित और व्यवस्थित व्यवस्था हो। विद्यालय वातावरण साफ सुथरा और अनुकूल हो। जिस भी विद्यालय का निरीक्षण किया जाए, वहाँ निरीक्षण पंजी में स्पष्ट रूप से दर्ज किया जाए। सामान्य निरीक्षण में विद्यालय की समग्र स्थिति का विवरण अनिवार्य रूप से लिखा जाए। कक्षा 5 के सभी बच्चों का जवाहर नवोदय विद्यालय एवं सैनिक स्कूल प्रवेश परीक्षा के लिए पंजीयन करवाया जाए। वर्षा ऋतु में किसी भी जर्जर भवन में विद्यालय का संचालन न किया जाए। छात्रों की सुरक्षा सर्वोपरि है। ऐसे शिक्षक जो लगातार 7 दिन से अनुपस्थित हैं और कोई शिक्षक विद्यालय परिसर में नशे की अवस्था में पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध तत्काल नोटिस व अनुशासनात्मक कार्रवाई की जाए। स्कूलों में पर्यावरण संरक्षण हेतु पौधरोपण कार्यक्रम को प्राथमिकता दी जाए। विद्यार्थियों के स्थायी जाति प्रमाण पत्र बनाने हेतु विद्यालय स्तर पर विशेष शिविर आयोजित किए जाएं। साथ ही नवाचार आधारित शिक्षण पद्धतियों को अपनाकर छात्रों को रुचिकर तरीके से शिक्षा दी जाए। कलेक्टर ने कहा कि समय से पहले स्कूल बंद करने और देरी से आने वाले शिक्षकों पर कार्रवाई होगी।

## व्यवहार न्यायालय कुनकुरी का फैसला

# हत्या के अपराध में भाई को उम्रकैद

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिले के डोभ गांव में पारिवारिक जमीन विवाद ने ऐसा भयावह रूप ले लिया, जिसने रिश्तों के मायने ही बदल दिए। 45 वर्षीय सुरजन राम ने अपने ही बड़े भाई समरू राम की कुल्हाड़ी से निर्मम हत्या कर दी। इस दर्दनाक घटना के बाद द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश कुनकुरी, बलराम कुमार देवांगन की अदालत ने आरोपी सुरजन राम को भारतीय दंड संहिता की धारा 302 के तहत दोषी पाते हुए आजीवन कारावास और 1 हजार रुपए अर्थदंड की सजा सुनाई। घटना 17 सितंबर 2022 की रात करीब 9 बजे की है, जब आरोपी और मृतक दोनों ने शराब का सेवन कर घर लौटने के बाद घर के बाहर ज़मीन को लेकर विवाद करना शुरू कर दिया। मृतक की बेटी सबरी बाई ने अदालत में बताया कि शोर सुनकर जब वह बाहर आई, तो देखा कि उसके पिता और चाचा आपस में झगड़ रहे थे। कुछ ही देर में सुरजन राम अपने घर गया और लोहे की टांगी लेकर आकर समरू राम के सिर और चेहरे पर ताबड़तोड़ वार करने लगा। लहूलुहान समरू वहीं गिर पड़ा। सबरी ने उसे उठाकर खाट पर लिटाया, लेकिन रात दो बजे तक उसकी मृत्यु हो गई।




### सजा में जुड़ेगी अब तक की कारावास

सजा के अंतर्गत सुरजन राम को आजीवन कारावास और 1000 रूपए के अर्थदंड, अर्थदंड न चुकाने की स्थिति में छह माह का अतिरिक्त सश्रम कारावास सुनाया गया है। अभियुक्त 24 नवंबर 2022 से अब तक न्यायिक हिरासत में था, जिसे सजा में समायोजित किया जाएगा।

### ऐसे अपराध समाज के लिए खतरा,क्षमा योग्य नहीं

अदालत में मामले की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से श्रीमती पुष्पा सिंह, अपर लोक अभियोजक ने साक्ष्य और गवाहों के आधार पर यह साबित किया कि हत्या पूर्वनियोजित थी और सुरजन राम की मंशा जान से मारने की थी। वहीं बचाव पक्ष के अधिवक्ता एस अहमद ने इसे पहला अपराध बताते हुए नरमी की अपील की। लेकिन अदालत ने इसे गंभीर अपराध मानते हुए कहा कि ऐसे अपराध समाज के लिए खतरा हैं और क्षमा योग्य नहीं हो सकते।

# संभागीय संयुक्त संचालक ने किया सिविल अस्पताल का आकस्मिक निरीक्षण

**जशपुरनगर।** संभागीय संयुक्त संचालक, स्वास्थ्य सेवाएं सरगुजा संभाग डॉ अनिल कुमार शुक्ला द्वारा 11 जुलाई को सिविल अस्पताल पत्थलगॉव का आकस्मिक निरीक्षण किया गया।

- अनुपस्थित पाए गए कर्मचारियों को अवैतनिक अवकाश और कार्य में लापरवाही बरतने वाले को नोटिस जारी करने के निर्देश



अस्पताल का निरीक्षण करते संयुक्त संचालक।

आकस्मिक निरीक्षण के दौरान अस्पताल में स्वास्थ्य सुविधा अव्यवस्थित व साफ - सफाई का अभाव पाया गया।

स्टोर एवं दवाइयों के डिब्बे पर मेनुफेक्चरिंग डेट व एक्सपायरी डेट अंकित नहीं मिला। जन मानस के लाभ हेतु प्रदर्शित राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम के फ्लेक्सी एवं बैनर संस्था में बहुत कम पाए गए। संभागीय संयुक्त संचालक डॉ अनिल कुमार शुक्ला ने कहा कि संस्था में एनसीडी अंधत्व निवारण मलेरिया, टीबी, एएनसी के लक्ष्य के विरूद्ध शत-प्रतिशत उपलब्धि प्राप्त की जाए। संस्था में एनबीएसयू हेतु एक ही फोटोथेरेपी मशीन होने के कारण मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को मशीन उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया। अनेक राष्ट्रीय कार्यक्रम हेतु संधारित रजिस्टर व्यवस्थित नहीं पाया गया जिसे व्यवस्थित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। ब्लड स्टोरेज यूनिट में आवश्यकताओं को दृष्टिगत रखते हुये सामाजिक संगठनों से आवश्यक समन्वय स्थापित कर शिविर आयोजित किये जाने हेतु निर्देशित किया गया। उन्होंने संस्था में नियमित रूप से साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए और डायलिसिस यूनिट में पानी की समस्या को ध्यान में रखते हुये इसे दूर किये जाने हेतु भी निर्देशित किया गया। सिविल अस्पताल के निरीक्षण के दौरान नित्यानंद यादव आरएचओ एक दिवस, प्रियांश साहू वार्ड ब्वाय 2 दिवस नीलम तिर्की, नर्सिंग सिस्टर 2 दिवस अनुज साहू एसटीएस 1 दिवस अनुमपा टोप्पो एक दिवस मनीषा तिर्की एक दिवस को अनुपस्थित पाये जाने पर अवैतनिक किये जाने हेतु निर्देशित किया।

# प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को मिलेगा खेलवृत्ति का लाभ

**रायगढ़।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राज्य के उभरते प्रतिभाशाली खिलाडिय़ों को छत्तीसगढ़ क्रीड़ा प्रोत्साहन योजना अंतर्गत प्रतिभा खोज के तहत खेलवृत्ति प्रदान की जाएगी। इस योजना अंतर्गत प्रदेश के प्रतिभाशाली खिलाडिय़ों को ओलंपिक, कॉमनवेल्थ, एशियाड एवं नेशनल गेम्स में शामिल खेलों के राष्ट्रीय खेल राष्ट्रीय चैम्पिनशीप के सीनियरए जूनियर एवं सबजूनियर वर्ग के पदक प्राप्त करने वाले खिलाडिय़ों को खेलवृत्ति प्रदान की जाएगी। यह खेल वृत्ति एक वित्तीय वर्ष में केवल एक बार ही प्रदाय की जाएगी।

खेल एवं युवा कल्याण विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार यह खेल वृत्ति सीनियर वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी को 75 हजार रूपए, द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले को 60 हजार रूपए एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को 50 हजार रुपए तथा जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी को 60 हजार रुपएए द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले को 40 हजार रूपये एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को 30 हजार रुपए तथा सब.जूनियर वर्ग में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले खिलाड़ी को 50 हजार रुपएए द्वितीय स्थान प्राप्त करने वाले को 25 हजार रूपए एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले को 20 हजार रूपए मात्र की खेलवृत्ति प्रदाय किया जाएगा। इस योजना के अंतर्गत केवल उन्हीं खिलाडिय़ों को खेलवृत्ति मिलेगीए जिन्होंने राज्य का प्रतिनिधित्व करते हुए उक्त प्रतियोगिताओं में पदक प्राप्त किए हो और जिनकी आयु 25 वर्ष से अधिक न हो। यदि कोई खिलाड़ी एक से अधिक वर्ग में पदक प्राप्त है, तो उसे उसकी सर्वश्रेष्ठ उपलब्धि के आधार पर खेलवृत्ति प्रदान की जाएगी। पात्रता की पुष्टि के लिए संबंधित खेल संघों से प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना अनिवार्य होगा। खिलाडिय़ों के चयन में उनकी उपलब्धियों के साथ.साथ योजना की शर्तों का भी पालन सुनिश्चित किया जाएगा। इससे प्रदेश के होनहार खिलाडिय़ों को न केवल आर्थिक सहायता मिलेगीए बल्कि उनके मनोबल में भी वृद्धि होगी। इस योजना के लिए आवेदन संबंधित जिला खेल अधिकारी के माध्यम से किया जा सकता है।

## संत पॉल स्कूल बघिमा में छात्र संघ का शपथ ग्रहण

**जशपुरनगर।** शनिवार को संत पॉल इंग्लिश मीडियम स्कूल बघिमा में छात्रसंघ का शपथ ग्रहण समारोह गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। स्कूल बैंड की मधुर तालों के साथ नव-निर्वाचित सदस्य मंच तक पहुंचे। सामूहिक प्रार्थना में सबके लिए आशीर्वाद की कामना की गई, जिसके पश्चात दीप प्रज्वलन कर विधिवत कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। मिस सुनैना मुंडा ने अपने प्रस्तावना भाषण में एक लीडर के महत्व और जिम्मेदारी पर प्रकाश डाला। इस अवसर पर प्राचार्य फादर नीलम टोप्पो ने नवनिर्वाचित छात्रसंघ को शपथ दिलाई। आयुष भगत को शाला नायक तथा अनुष्का किसपोट्टा को शाला नायिका के रूप में शपथ दिलाई गई। इसके अलावा अनुशासन मंत्री, सफाई मंत्री, खेल मंत्री, सांस्कृतिक मंत्री, ग्रुप कैप्टन और वाइस कैप्टन सहित अन्य छात्र प्रतिनिधियों ने भी पद की जिम्मेदारियां अनुशासन की शपथ ली। फादर विपिन स्कूल प्रबंधक ने सभी नव-नियुक्त सदस्यों को बैज पहनाकर उन्हें शुभकामनाएं दीं। मिस एलिजाबेथ ने बच्चों को अनुशासनपूर्वक पंक्तिबद्ध किया, जबकि सिस्टर सुशीला पन्ना ने अपने प्रेरणादायी उद्बोधन में कहा कि "लीडर का जन्म नहीं होता, उन्हें तैयार किया जाता है।

# प्रतिभावान बच्चों के लिए वरदान साबित हो रहा संकल्प



- जया और नीता ने संकल्प पहुंचकर जताया आभार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

जिला मुख्यालय में संचालित संकल्प शिक्षण संस्थान जिले के आर्थिक रूप से कमजोर जनजाति वर्ग के प्रतिभावान विद्यार्थियों के लिए वरदान साबित हो रहा है।

जिला प्रशासन द्वारा कलेक्टर रोहित व्यास और मुख्य कार्यपालन अधिकारी अभिषेक कुमार के मार्गदर्शन में संचालित संकल्प शिक्षण संस्थान जिले के प्रतिभावान बच्चों को निः शुल्क गुणवत्तायुक्त शिक्षा देकर जे ई ई और नीट की कोचिंग करा रहा है इसी की बदौलत यहां से अपना अध्यन पूर्ण कर बच्चे देश के प्रतिष्ठित शैक्षणिक संस्थाओं में प्रवेश पाने में सफल हो रहे है। दोनों ने संकल्प जशपुर पहुंच कर व्याख्याताओं के प्रशिक्षण में उपस्थित होकर सभी शिक्षकों से अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि यह सफलता उनके परिश्रम, माता-पिता के सहयोग, संकल्प शिक्षण संस्थान के मार्गदर्शन और सकारात्मक शैक्षिक वातावरण का परिणाम है कि वो इस मुकाम में पहुंचने में सफल हुई।

AISECT
RECRUITMENT OF VOCATIONAL TRAINERS
For implementing Vocational Training under CSS-VSHSE across Govt. Schools in Chhattisgarh
Contractual-Institutional Positions for Sector: "Power"
Application are invited from eligible candidates for the position of Vocational Trainers in the above said sector for the implementation of CSS-VSHSE, in various Government Schools of Chhattisgarh
Remuneration (CTC) – Rs 20,000 per month
Age Limit – 18-37 years (As on 01/01/2025)
Online Application Link https://www.aisect.org/CG-VTrecruitment2025

| SECTOR | LOCATION (Districts) |
| --- | --- |
| Power | Balod, Balodabazar, Balrampur, Bemetara, Bilaspur, Dhamtari, Durg, Gariaband, Janjgir-Champa, Jashpur, Kanker, Kawardha, Korba, Mohala-Manpur-Chowki, Raipur, Sakti |

Last date of receipt of application : 15/07/25 (5:00 PM) IST
QUALIFICATION & EXPERIENCE
Power: Bachelor of Engineering/Technology in Electrical/EEE Engineering from a Recognized Institute/University with atleast one year work/teaching experience or Diploma in Electrical/EEE Engineering with three years of work/teaching experience
Desirable: 1) Certified Master Trainer from SSC in this job role
Minimum Competency: 1) Effective Communication Skills (Oral & Written) 2) Basic Computing Skills
Candidates shortlisted on the basis of details filled online will have to go through written test followed by an interview. Selected candidate will be asked to join within short notice.
सभी अभ्यार्थियों को सूचित किया जाता है कि व्यावसायिक शिक्षा के तहत वी.टी. पद में चयन हेतु कोई भी अनुचित गतिविधि या छलावे में न फंसे। किसी भी व्यक्ति द्वारा नौकरी दिलाने के लिए पैसे की मांग करने वाले झांसे में न आएं। यह पूरी तरह से अवैध और अस्वीकार्य है। प्रक्रिया पारदर्शिता निष्पक्षता के साथ संचालित होगी। कृपया किसी भी धोखाधड़ी या गलत सूचना से बचे और स्वयं पर विश्वास रखें। यदि आपको ऐसे किसी व्यक्ति या गतिविधि की जानकारी मिलती है तो तुरंत सूचित करें। आपकी सफलता केवल आपकी कड़ी मेहनत और योग्यता पर निर्भर करती है।
To Apply, Scan The QR Code
Note: Preference to Chhattisgarh domicile candidates
7000240756
Call Between 11:00 AM To 05:00 PM

LCIT COLLEGE OF COMMERCE AND SCIENCE
Near High Court, Raipur Road, Bodri, Bilaspur (C.G.)
APPROVED BY
Choose The Best
CHOOSE LCIT
WHY CHOOSE US !
SCHOLARSHIPS
SEPARATE HOSTEL FOR BOYS & GIRLS
PLACEMENTS
TRANSPORT FACILITY
Well Equipped Lab · Lush Green Campus · Sports
Moot Court · Distinguished Faculty · E-Content Provided
PGDCA
Eligibility Any Graduate
1 Year Academic Programme
LAUNCHING SOON
BBA.LL.B. & M.Sc. Biotechnology
Grab Your Seat in
BA & LLM
• Government Scholarships • Placement Facility • Experienced Faculty
• Educational / Industrial Visit • Well Equipped Labs • Book Bank Facility
• LCIT 'शत प्रतिशत संकल्प' Scholarship
B.Sc.(Hons') · B.Com(Hons') · BA(Hons')
BCA(Hons') · BBA(Hons') · M.Sc.
M.Com. · M.A. · LAW
Contact Us
Science : 9827875752 Commerce : 7566666785
Law : 7000256175 Arts : 9109730890
APPLY NOW
www.lcit.edu.in

## खबर संक्षेप




### आयुर्वेद अस्पताल में रक्तदान शिविर

**रायगढ़।** छग आयुर्वेद अधिकारी संघ रायगढ़ के तत्वाधान में शासकीय जिला आयुर्वेद चिकित्सालाय में रक्त दान शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 20 यूनिट रक्त दान किया गया। जरूरत मंद लोगों को उचित समय पर रक्त ब्लड बैंक में मिल सके। रक्त दान एक अनूठी पहल है जिसे आयुर्वेद अधकारी संघ ने पहल कर आयोजित किया उक्त संबध में रेड क्रॉस व सीएमएचओ डॉ अनिल जगत ने सक्रिय सहयोग किया। उक्त कार्यक्रम में मुख्यतः सीएमएचओ डॉ अनिल जगत, सिविल सर्जन डॉ दिनेश पटेल, रेडक्रॉस के अध्यक्ष डॉ उराव, जिला आयुष अधिकारी डॉ गौराहा, जिला अध्यक्ष डॉ कुणाल पटेल, महामंत्री डॉ अजय नायक, जिला संरक्षक डॉ मित्र भानु गुप्ता, उपाध्यक्ष डॉ करुणा पटेल, सचिव डॉ संजीव पटेल, मीडिया प्रभारी डा सक्सेना डॉ प्रियंका नायक, डॉ रवि शंकर पटेल एवं अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।

### नया रजिस्ट्री कार्यालय खोलने की प्रक्रिया प्रारंभ

**सरिया।** वित्त मंत्री ओपी चौधरी के विकास कार्यों में एक नया कड़ी और जुड़ गया। अब सरिया में नया रजिस्ट्री कार्यालय खोलने की प्रक्रिया सरकार द्वारा प्रारंभ कर दी गई है। बता दें कि विगत दिनों क्षेत्रीय विधायक और वित्त मंत्री ओपी चौधरी छत्तीसगढ़ शासन ने सिनीयर सिटीजन के कार्यक्रम में सरिया में आयोजित एक सभा को संबोधित करते हुए घोषणा की थी कि सरिया में नया रजिस्ट्री कार्यालय खुलेगा। घोषणा के बाद क्षेत्र के लोगों ने वित्त मंत्री ओपी चौधरी के कार्यों की सराहना करते हुए साधुवाद दिया था। वित्त मंत्री चौधरी ने अपने घोषणा के मुताबिक सरिया में नया रजिस्ट्री कार्यालय खोलने के लिए प्रक्रिया प्रारंभ कर दी है। छत्तीसगढ़ शासन ने इस संबंध में जारी राजपत्र में इसकी आधिकारिक पुष्टि की है। इसका मतलब है कि अब सरिया के लोगों को संपत्ति के पंजीकरण के लिए सारंगढ़ या अन्य दूर स्थान पर नहीं जाना पड़ेगा, जिससे उनका समय और पैसा बचेगा। इस संबंध में नगर पंचायत सरिया के अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल ने बताया कि वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने अपने विधानसभा क्षेत्र में विकास के लिए कई कार्य किए हैं तथा अनेकों कार्य और प्रस्तावित है। धीरे-धीरे सभी कार्य पूर्ण होंगे।

### कोर्ट में पेशी के लिए हाजिर होने सूचना जारी

**सारंगढ़।** कलेक्टर डॉ संजय कन्नौजे ने लोहित कुमार साहू पिता जगदीश साहू वाहन स्वामी निवासी पतेरापाली जिला महासमुंद को न्यायालय कलेक्टर सारंगढ़ में 14 जुलाई को पक्षकार छत्तीसगढ़ शासन बनाम तुलसीराम सिदार वगैरह निवासी जोगीडीपा के आबकारी एक्ट के प्रकरण 202501321300007 की पेशी में सुनवाई में उपस्थित होने के लिए सूचना पत्र जारी किया है। यदि लोहित कुमार साहू निर्धारित तिथि को उपस्थित नहीं होते हैं तो उनके विरुद्ध एक पक्षीय कार्रवाई न्यायालय कलेक्टर जिला सारंगढ़ बिलाईगढ़ के द्वारा की जाएगी।

### रिक्त सीटों पर लेटरल एंट्री के लिए परीक्षा 20 को

**रायगढ़।** जिले में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में शिक्षण सत्र 2025-26 के लिए कक्षा 7वीं, 8वीं, 9वीं एवं 11वीं में लेटरल एंट्री के माध्यम से प्रवेश हेतु आवेदन आमंत्रित किए गए थे। इसके लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन 20 जुलाई, रविवार को किया जाएगा। परीक्षा का समय पूर्वान्ह 11 बजे से दोपहर 1 बजे तक निर्धारित है। यह परीक्षा प्रयास आवासीय विद्यालय, गढ़उमरिया, रायगढ़ संचालित स्थान लाइवलीहुड कॉलेज, गढ़उमरिया में आयोजित की जाएगी। प्रवेश पत्र का वितरण परीक्षा दिवस 20 जुलाई को ही प्रातः 9 बजे से 11 बजे तक परीक्षा केंद्र पर किया जाएगा। अभ्यर्थियों को समय पर उपस्थित होकर अपना प्रवेश पत्र प्राप्त करना अनिवार्य है।

---

### गर्भवती महिलाओं के लिए अस्पतालों में दवाओं का हो पर्याप्त स्टॉक

# हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की सेहत की लगातार करें मॉनिटरिंग : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

स्वास्थ्य विभाग शासन प्रशासन की सबसे अहम जिम्मेदारी संभालता है। लोक स्वास्थ्य की दृष्टि से जरूरी सुविधाओं को उपलब्ध कराने का काम विभाग के जिम्मे है। ग्रास रूट स्तर तक सबसे ज्यादा पहुंच है, सभी जरूरी साधन उपलब्ध कराए गए हैं, ऐसे में विभागीय अधिकारी कर्मचारियों का यह दायित्व बनता है कि अपनी जिम्मेदारियों को कुशलता से निभाएं, जिससे आमजन तक स्वास्थ्य सेवाओं की सुलभ पहुंच हो। यह बातें कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी ने आज कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जिले के स्वास्थ्य अधिकारियों की बैठक में कही। इस दौरान सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव और सहायक कलेक्टर अक्षय डोसी भी उपस्थित रहे।

कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की विशेषज्ञ चिकित्सकों से हर तिमाही अनिवार्य जांच के बार में जानकारी ली। उन्होंने कहा कि ऐसी सभी महिलाओं को चिन्हित करते हुए सोनोग्राफी, हीमोग्लोबिन, ब्लड प्रेशर सहित अन्य सारी जरूरी स्वास्थ्य जांच हो। हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं के प्रसव की संभावित तिथि की जानकारी उस ब्लॉक के बीएमओ से लेकर गांव की मितानिन तक होनी चाहिए। हाई रिस्क गर्भवती महिलाओं की रोजाना कॉल कर हेल्थ अपडेट



**दूर-दराज के मरीजों को मिले सुविधा**

बैठक में कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने टेली मेडिसिन से उपचार के बारे में विस्तार से जानकारी ली। बताया गया कि इसके लिए 5 ब्लॉक के प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र चिन्हांकित किए गए हैं। यहां एचडी कैमरे और स्क्रीन इंस्टाल लगाए गए हैं। डॉक्टरों की ऑनलाइन आईडी बनाकर रोस्टर तैयार कर टेली मेडिसिन की शुरुआत कर दी गई है। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने स्वास्थ्य अधिकारियों से कहा कि दूर दराज के अधिक से अधिक लोगों को इसका लाभ मिले।

और खान पान की जानकारी ली जाए। उन्होंने गर्भवती महिलाओं को आयरन फोलिक एसिड और कैल्शियम के वितरण हेतु सभी अस्पतालों में दवा का पर्याप्त स्टॉक रखने के लिए स्वास्थ्य अधिकारियों को निर्देशित किया। इसके साथ ही उन्होंने सिकल सेल की भी नियमित रूप से जांच के निर्देश दिए। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने बैठक में स्वास्थ्य विभाग की सभी प्रमुख योजनाओं की समीक्षा की और इन योजनाओं के क्रियान्वयन के अद्यतन स्थिति की जानकारी ली।

उन्होंने नॉन कम्युनिकेबल डिसीस के अंतर्गत अस्पतालों में आने मरीजों के बीपी और शुगर के अनिवार्य जांच के बारे में सभी बीएमओ से जानकारी ली। अस्पतालों में मरीजों के जांच के बाद जो व्यक्ति इन समस्याओं से पीड़ित पाए जाते हैं उनके नियमित फॉलो अप नहीं पाए जाने पर नाराजगी जताते हुए कहा कि ऐसे लोगों की लगातार मॉनिटरिंग की आवश्यकता है। अस्पताल में आने वाले मरीजों के साथ आउटरीच शिविरों और कार्यक्रमों के तहत चिन्हित बीपी शुगर के मरीजों की नियमित जांच कर उन्हें दवा दिया जाना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि इसके लिए इन सभी की जानकारी दर्ज कर फॉलोअप का शेड्यूल बनाएं और फील्ड लेवल स्टाफ को भी इसके लिए अलर्ट करें। इससे इन मरीजों के आगे दूसरी बीमारियों के चपेट में आने का रिस्क कम होगा। कलेक्टर श्री चतुर्वेदी ने मौसमी बीमारियों के रोकथाम के लिए विभागीय तैयारियों की जानकारी ली। उन्होंने डेंगू से बचाव के लिए नगरीय निकायों को टेमीफॉस उपलब्ध कराने और उनके साथ समन्वय से काम करने के निर्देश दिए। इसके अलावा अन्य मौसमी बीमारियों से बचाव और रोकथाम के लिए स्वास्थ्य अमले को अलर्ट रहकर काम करने के निर्देश दिए। फील्ड लेवल पर सभी हेल्थ स्टाफ की समय पर अपने कार्यस्थल पर उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए कहा।

---



## अधूरा गौरव पथः विधायक ने की आर्थिक नाकेबंदी

हरिभूमि न्यूज ⏭ चंद्रपुर

सक्ती जिले के नगर पंचायत चंद्रपुर में कई वर्षों से अधूरा गौरव पथ का निर्माण एक बड़ा मुद्दा बन गया है। क्षेत्र के विधायक राम कुमार यादव ने सक्ती जिला के कलेक्टर को पत्र लिखकर कहा था कि यदि कार्य पूरा नहीं होता है, तो आर्थिक नाकाबंदी और धरना प्रदर्शन किया जाएगा। जिसके तहत सनिवार की सुबह विधायक साथ जन प्रतिनियो द्वारा धरना प्रदर्शन किया गया। साथ ही उर्वरक खाद और इपरसप की समस्या में भी चर्चा की गई

**जल्द किया जाए गौरवपथ का निर्माण**

विधायक ने चेतावनी दी है कि यदि कार्य पूरा नहीं होता है तो आर्थिक नाकाबंदी और धरना प्रदर्शन किया जाएगा। उन्होंने कलेक्टर से अनुरोध किया है कि इस मामले में तत्काल कार्रवाई की जाए और गौरव पथ का निर्माण कार्य पूरा किया जाए।

**समस्याओं का समाधान नहीं**

विधायक ने यह भी कहा है कि चंद्रपुर में उर्वरक खाद की कमी और बिजली की समस्या बनी रहती है, इसका कोई समाधान नहीं किया जाता है। नगर पंचायत चंद्रपुर में अधूरे गौरव पथ के कारण 350 मीटर के दायरे पर ही भारी भरकम डंपर और ट्रक पलट जाती है, जिससे सभी व्यापारी गण, दर्शनार्थी श्रद्धालु और आम नागरिकों को अत्यधिक परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

**विधायक की चिंता**

विधायक ने कहा है कि चंद्रपुर में स्थित महाचंद्रहसनी आदि शक्ति पीठ छत्तीसगढ़ का ही नहीं बल्कि पूरे देश के आस्था का केंद्र है। हर साल नवरात्रि एवं अन्य पावन पर्व पर यहाँ लाखों श्रद्धालुओं की भीड़ महाचंद्रहसनी के दरबार में होती है, लेकिन वर्तमान में अधूरे गौरव पथ को देखकर श्रद्धालुओं की संख्या बहुत ही कम हो गई है।

---

## आयुष्मान आरोग्य मंदिर नदी गांव को मिला मानक गुणवत्ता प्रमाणन

**सरिया।** छत्तीसगढ़ में राष्ट्रीय गुणवत्ता आश्वासन मानक प्रमाणन से सम्मानित होने वाली संस्था सारंगढ़ बिलाईगढ़ जिले के आयुष्मान आरोग्य मंदिर नदी गांव केंद्र को मिला है। इस अस्पताल को सात प्रमुख स्वास्थ्य क्षेत्रों में 92.50 प्रतिशत का प्रभावशाली स्कोर करने पर यह सम्मान मिला है। यह प्रमाणन स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय के तहत राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन द्वारा दिया जाता है।

एनक्यूएएस राष्ट्रीय गुणवत्ता मानक एश्योरेंस स्वास्थ्य केन्द्रों में दी जाने वाली सेवाओं और सुविधाओं का राष्ट्रीय स्तर के मानक का मूल्यांकन है। कलेक्टर डॉ संजय कुमार कन्नौजे के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ एफ आर निराला के मार्गदर्शन एवं खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ अवधेश पाणिग्राही बरमकेला के नेतृत्व में विकासखंड बरमकेला के स्वास्थ्य केन्द्रों में कार्यरत अधिकारियों और



कर्मचारियों को एनक्यूएएस अनुरूप प्रशिक्षण आयोजित कर तैयारी हेतु जिला सलाहकार कृष्ण पुरी गोस्वामी के निगरानी में स्वास्थ्य संस्थानों का ऐनक्यू एएस अनुरूप उन्नयन एवं मानक रूप में सभी सेवाओं को प्रदान करने हेतु प्रशिक्षण प्रदान किया गया। तथा आयुष्मान आरोग्य मंदिर नदीगांव का कार्य पूर्ण होने पर ऐनक्यू एएस मूल्यांकन हेतु ऑनलाइन आवेदन किया गया। स्वास्थ्य मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा नामित राष्ट्रीय मूल्यांकनकर्ता डॉ दीप्ती शुक्ला उत्तरप्रदेश एवं दिनेश कुमार दिल्ली के द्वारा 12 जून को आयुष्मान आरोग्य मंदिर नदीगांव का वर्चुअल रूप से मूल्यांकन किया गया। मूल्यांकन में ओपीडी, आईपीडी, प्रसव कक्ष, लैबोरेट्री, राष्ट्रीय स्वास्थ्य कार्यक्रम का मूल्यांकन किया गया। मूल्यांकन के दौरान सभी शाखाओं से संबंधित रजिस्टर्ड एवं रिकॉर्ड की जांच की गई एवं कार्यक्रमों से संबंधित शाखा के अधिकारियों, कर्मचारियों का इंटरव्यू लिया गया तथा स्वास्थ्य सेवाओं में दी जाने वाली गुणवत्ताओं का मूल्यांकन किया गया।

### कक्षा 9वीं में रिक्त सीटों पर वर्गवार प्रतीक्षा सूची जारी

**रायगढ़।** प्रयास आवासीय विद्यालयों में सत्र 2025-26 में कक्षा 9 वीं में रिक्त सीटों पर प्रतीक्षा सूची के विद्यार्थियों की काउंसलिंग किया जाना है। विद्यार्थियों की वर्गवार प्रतीक्षा सूची विभाग की वेबसाईट पर अपलोड कर दिया गया है। प्रतीक्षा सूची में दर्शित विद्यार्थी निर्धारित तिथि समय एवं स्थल में अनिवार्य दस्तावेजों सहित उपस्थित होना सुनिश्चित करें। कक्षा 9 वीं में रिक्त सीटों पर प्रतीक्षा सूची के विद्यार्थियों की वर्गवार काउंसलिंग 15 से 18 जुलाई 2025 तक प्रातः 10 बजे से सायं 5 बजे तक प्रयास कन्या आवासीय विद्यालय गुढियारी, जिला रायपुर में होगी। इनमें अनुसूचित जनजाति एवं विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह पीव्हीटीजी बालक वर्ग के लिए 15 जुलाई, अनुसूचित जनजाति एवं विशेष रूप से कमजोर जनजाति समूह पीव्हीटीजी बालिका वर्ग के लिए 16 जुलाई, अनुसूचित जाति बालक बालिका के लिए 17 जुलाई को काउंसिलिंग किया जाएगा।

## जनपद पंचायत पुसौर में 89 पंचायतों के निर्माण कार्यों की समीक्षा की गई

हरिभूमि न्यूज ⏭ पुसौर

पुसौर जनपद के सभाकक्ष में प्रभारी आरईएस एसडीओ बिन्दु डनसेना, पीओ आशिष भारती एवं सहायक सीईओ कुलमित्र ने अपने 89 पंचायतों में चल रहे निर्माण कार्यो को लेकर संबंधित सचिवों के साथ बैठक किया। उक्त बैठक 11 बजे से लगभग 2 बजे तक चली, जिसमें सचिवों ने बारी-बारी से अपने पंचायत में चल रहे निर्माण कार्य यथा पीएम आवास, शौचालय निर्माण, गाय-बकरी कोठा, भूमि समतलीकरण, तालाब गहरी करण आदि की जानकारी ली।

सूत्रों के मुताबिक एसडीओ बिन्दु डनसेना स्वयं एसडीओ के प्रभार में रहने के बाद भी कई पंचायतों का मानटरिंग एवं मूल्यांकन करते हैं। इसी कड़ी में निर्माण कार्यो के मानीटरिंग, मूल्यांकन आदि यहां पदस्थ अन्य 3 इंजीनियरों के जरिए होता है। पुसौर



जनपद में 6 स्वीकृत इंजिनियरों के स्थान पर एसडीओ सहित 4 इंजीनियर हैं ऐसे में निर्माण कार्यो की यथोचित प्रगति नहीं होने की जानकारी प्रकाश में आया है। मनरेगा के पीओ भारती एवं उनके स्टाफ को पिछले 4 महीने से वेतन नहीं मिला है, बावजूद इसके मनरेगा से जुडे कार्यो को अंजाम तक पहुंचा रहे हैं। जानकारों की माने तो मनरेगा विभाग में आए दिन कर्मचारियों को वेतन समय सीमा में नहीं मिलता है बावजूद इसके ये अपने-अपने क्षेत्र के काम में लगे रहते हैं। बताया जाता है कि मजदूरी भुगतान एवं सामग्री भुगतान जब समय पर हो जाता है तो कर्मचारियों का क्यों नहीं? ऐसे में निर्माण कार्य गुणवत्ता के साथ समय पर हो यह कैसे संभव हो सकता है। यदि होगा भी तो निश्चित ही मूल्यांकन त्रुटि पुर्ण होगी, ऐसा लोगों का कयास है। बहरहाल नव पदस्थ सीईओ गोस्वामी द्वारा जनपद का प्रभार नहीं लिए जाने से सहायक सीईओ कुलमित्र जनपद के कार्यो में गति प्रदान किया जा रहा है।

---

### एसईसीएल व जिला प्रशासन के बीच दो सीएसआर परियोजनाओं के लिए एमओयू पर हुए हस्ताक्षर

**रायगढ़।** एसईसीएल रायगढ़ क्षेत्र एवं जिला प्रशासन रायगढ़ द्वारा दो महत्वपूर्ण सीएसआर परियोजनाओं के लिए एमओयू पर हस्ताक्षर किया गया। पहली सीएसआर परियोजना अंतर्गत भारत सरकार के मिशन अमृत सरोवर के तहत स्वीकृत राशि 75-13 लाख से ग्राम पंचायत छाल में 2 तालाबों का जीर्णोद्धार किया जायेगा। दूसरी परियोजना अंतर्गत स्वीकृत राशि 80 लाख से ग्राम पंचायत टेरम में प्रस्तावित पुनर्वास और पुनर्स्थापन स्थल तक पहुंच मार्ग के लिए सीसी रोड का निर्माण किया जाएगा। इन दोनों परियोजनाओं के लिए जिला प्रशासन यथा जिला कलेक्टर रायगढ़ के प्रतिनिधि के रूप में क्रमशः मदनलाल साहू, मुख्य कार्यपालन अधिकारी धरमजयगढ़ एवं विनय चौधरी मुख्य कार्यपालन अधिकारी घरघोड़ा तथा क्षेत्रीय महाप्रबंधक रायगढ़ क्षेत्र के प्रतिनिधि के रूप में केसी सुरेन्द्रनाथ, महाप्रबंधक संचालन द्वारा हस्ताक्षर किया गया। इस मौके पर डॉ गजानंद, सीएसआर अधिकारी रायगढ़ क्षेत्र एवं संबंधित ग्राम. छाल एवं टेरम के विभिन्न जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस पहल से निशित रूप से स्थानीय समुदायों को लाभ होगा एवं खनन प्रभावित क्षेत्रों एवं लोगों का विकास होगा। विदित हो कि एसईसीएल रायगढ़ क्षेत्र के द्वारा कोयला उत्पादन के साथ साथ परियोजना प्रभावित गावों एवं सुदूर अंचलों में सीएसआर के तहत विभिन्न गतिविधियों कार्यक्रमों कार्यों के द्वारा सतत विकास का प्रयास किया जा रहा है।

## निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला में 506 मरीजों की जांच कर किया गया उपचार

**सरिया।** 11 जुलाई को नगर पंचायत सरिया प्रांगण के सांस्कृतिक भवन में विकास खण्ड स्तरीय निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला का आयोजन आयुष विभाग बरमकेला द्वारा किया गया।

शिविर का शुभारंभ नगर पंचायत अध्यक्ष कमलेश अग्रवाल, नगर पंचायत उपाध्यक्ष अरुण शराप, पूर्व नगर पंचायत अध्यक्ष स्वप्निल स्वर्णकार, भाजपा मंडल अध्यक्ष प्रदीप सतपथी, पार्षद आशुतोष स्वर्णकार, मोतीलाल स्वर्णकार, राजू प्रधान, शत्रुघन प्रधान, रूप डनसेना, सरोज कर्ष द्वारा भगवान धन्वंतरि के सम्मुख दीप प्रज्वलित कर किया गया।



जिसमें स्वस्ति वाचन एवं उद्बोधन शिविर प्रभारी डॉ एस कर द्वारा किया गया। इस शिविर में कुल 506 मरीजों को निःशुल्क रोग निदान कर औषधि वितरित की गई। जिसमें अधिकतर वात व्याधि एवं उदर रोगों से ग्रसित मरीजों की संख्या अधिक थी। स्कूली बच्चों का रक्त परीक्षण भी किया गया। आयुर्वेद चिकित्सक के रूप में डॉ शेष बहादुर यादव, डॉ तिलक राम पटेल, डॉ प्रणव कुमार प्रधान, डॉ टिकेलाल मिश्रा, डॉ लता देवांगन, तथा होम्योपैथी चिकित्सक के रूप में डॉ वसीम खान, डॉ स्वाति पटेल एलोपैथी चिकित्सा विभाग में लैब टेक्नीशियन भवानी शंकर पटेल, कुलेश्वरी साहू, योग चिकित्सा एवं परामर्श के लिए कुशल योग प्रशिक्षिका यज्ञ सैनी प्रधान, औषधि वितरण हेतु फार्मासिस्ट नरेंद्र प्रधान, जोगेश्वर सिंह ध्रुव, भूषण पटेल, पुनीलाल आदित्य, प्रेम शंकर सिदार, रतिराम सिदार, आयुष काढ़ा वितरण हेतु गुण निधि बारिक का सराहनीय योगदान रहा।

### बोजिया स्कूल कैंपस में लगाए गए 250 पौधे

**छाल/कुड़ेकेला।** वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग द्वारा वन महोत्सव कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमे राधेश्याम राठिया लोकसभा क्षेत्र रायगढ़ एवं क्षेत्रीय विधायक लालजीत सिंह राठिया के मुख्य आतिथ्य एवं सम्मानीय जन प्रतिनिधि की उपस्थिति में शासकीय हाई स्कूल बोजिया के कैंपस मे विभिन्न प्रजाती के लगभग 250 पौधे रोपण किए गए इसका सबसे महत्वपूर्ण पहलु यह है की पेड़ लगाने की सार्थकता तभी सार्थक



होंगी जब पेड़ पौधों की बच्चों की तरह पल पोस कर बड़ा किया जाए वरना जिस गति से पेड़ो की अंधाधुंध कटाई हो रही है पर्यावरण कहा पर सुरक्षित रह पाएगा यह एक यक्ष प्रश्न बन कर रहा गया है केवल दिखावे के लिए पौधे लगाते हुए फोटो खिचवाने से वन एवं जलवायु परिवर्तन नहीं होगा वरना एक दिन ऐसा भी समय आएगा लोगो को सांस लेना दुभर हो जाएगा। इस कार्यक्रम मे पौधा उपलब्ध करने मे वन विभाग ने अपनी भूमिका निभाई एवं देख रेख की जिम्मेदारी हाई स्कूल बोजिया के छात्र छात्राओं एवं स्टाप ने ली पेड़ पौधों की करो रखवाली तभी आएगी सुन्दर हरियाली यह नारा है।

---

### फलदार और छायादार प्रजातियों के लगाए गए पौधे

# पर्यावरण संरक्षण की दिशा में जिले में पौधरोपण

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

पर्यावरण संरक्षण की दिशा में रायगढ़ जिले 1 से 5 जुलाई तक वृहत पौधरोपण का आयोजन किया गया। जिसमें जनप्रतिनिधियों, स्व सहायता समूह की महिलाएं, जिला व जनपद पंचायत के कर्मचारी, शिक्षक, विद्यार्थी एवं गांव के ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस दौरान उन्होंने पीपल, नीम, आम, जामुन, अमरूद, शीशम और सागौन जैसे पर्यावरण के लिए उपयोगी फलदार और छायादार प्रजातियां के पौधे लगाए गए।

इस अभियान के तहत जिले भर में 54 हजार 812 पौधों का रोपण किया गया और यह प्रयास अभी भी निरंतर जारी है। इस दौरान ग्राम



पंचायतों के सहयोग से 13 हजार 648 पौधे, मनरेगा के माध्यम से 14 हजार 930 पौधे, प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राहियों द्वारा 20 हजार 975 पौधे, शासकीय और निजी विद्यालयों व छात्रावासों में 3 हजार 509 पौधे तथा आंगनबाड़ी केंद्रों और अन्य उपयुक्त स्थानों पर 1 हजार 750 पौधे रोपे गए।

पर्यावरणीय संतुलन के लिए रोपे गए पौधे हवा की गुणवत्ता में सुधार, भूजल स्तर को बढ़ाने, मिट्टी के कटाव को रोकने और जलवायु परिवर्तन के प्रभावों को कम करने में महत्वपूर्ण योगदान देंगे। ये पौधे कार्बन डाइऑक्साइड अवशोषित कर ऑक्सीजन प्रदान करेंगे, जिससे जिले का पर्यावरण स्वच्छ और स्वस्थ होगा।

इस अभियान ने समाज के हर वर्ग को एक मंच पर लाकर सामुदायिक सहभागिता को मजबूत किया। विशेष रूप से ग्रामीण क्षेत्रों में महिला स्व सहायता समूहों और विद्यार्थियों की सक्रिय भागीदारी ने पर्यावरण के प्रति जागरूकता को जन जन तक पहुंचाया। नई पीढ़ी को पर्यावरण संरक्षण के महत्व को समझाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। स्कूल और आंगनबाड़ी केंद्रों में बच्चों द्वारा किए गए पौधरोपण ने उन्हें प्रकृति के प्रति जिम्मेदारी का भाव सिखाया।

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान
डॉ. एल.सी. मढ़रिया MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी. ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन: 07752-402070, 228277, मो.: 9826190123, 9669979123

online Booking:-www.tripuryatra.com
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
स्लीपर मात्र 14,500/-
9 रात व 10 दिन
चार धाम यात्रा
श्री केदार नाथ, श्री बद्रीनाथ, श्री गंगोत्री, श्री यमुनोत्री
श्री त्रियुगीनारायण-(भगवान शिव व माता पार्वती का विवाह स्थल)
श्री तुंगनाथ महादेव- (विश्व का सर्वोच्च शिव मंदिर-चंद्रशिला चोटी के पास)
16 अगस्त, 6 सितंबर, 17 सितंबर, 24 सितंबर, 29 सितंबर, 5 अक्टूबर 2025
अन्य दर्शन- काशीविश्वनाथ, पंच प्रयाग दर्शन, (विष्णुप्रयाग, नंदप्रयाग, कर्णप्रयाग, रुद्रप्रयाग, देवप्रयाग) माना गांव-भारत का अंतिम गांव, धारी देवी, चोपता
राशि:- स्टैंडर्ड पैकेज 14,500/- (+5%GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:-7354-411411